



# बाइक-कार की आमने-सामने भिड़ंत में 2 की मौत, एक जख्मी

## एनएच-552 पर जौरा क्षेत्र में अगरौता के पास हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 3 अप्रैल।** एनएच-552 हाईवे पर जौरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम 6 बजे एक बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक युवक को जख्मी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ इलाके के ग्राम सहसराम निवासी पीरू खान की बेटी की आगामी 10 अप्रैल को शादी होनी है।

3 अप्रैल शुक्रवार को पीरू खान बेटी की शादी के कार्ड बांटने के लिए जौरा क्षेत्र के अगरौता गांव में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा था। कार्ड बांटने के बाद पीरू खान बाइक पर सवार होकर शाम करीब 6 बजे जौरा की ओर आ रहा था। बाइक पर उसके साथ रिश्तेदार शाहिद उर्फ भूरा खान 30 पुत्र सलीम खान निवासी गुर्ज का पुरा बिचपरी भी सवार था। इसी दौरान जब वे एनएच-552 पर अगरौता गांव के सामने से गुजर रहे थे, तभी जौरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, हादसे में पीरू खान और सलीम खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार युवक बंटी कुशवाह जख्मी हो गया। उसे गंभीर हालत में जौरा से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम आज, 106 स्कूलों में पहुंचेंगे अधिकारी

**मुरैना, 3 अप्रैल।** मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 01 से 04 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिले के 106 स्कूलों में जिला व खण्ड स्तर के अधिकारियों के ड्यूटी आदेश जारी किए है। ये अधिकारी आज 4 अप्रैल को प्रातः स्कूल समय में संबंधित स्कूलों में पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ शासकीय प्राथमिक विद्यालय भुआ का पुरा अंबाह, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव शासकीय मॉडल उमा विद्यालय मुरैना, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत शासकीय मावि बड़ोखर, डिप्टी कलेक्टर अरविन्द माहौर शासकीय नवीन हाईस्कूल क्र.1 मुरैना, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा शासकीय कन्या उमा विद्यालय मुरैना, उमेश अवस्थी शासकीय उमा विद्यालय नंबर-2 मुरैना, भरत कुमार शासकीय हाईस्कूल मुरैनागांव, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह शाासकीय मावि चंबल कॉलोनी, एसडीएम सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी शासकीय मावि नंबर-1 सबलगढ़, एसडीएम जौरा शुभम शर्मा शासकीय मॉडल उमा विद्यालय जौरा, एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार सीएम राइस स्कूल अंबाह, आयुक्त नगर निगम मुरैना सत्येन्द्र धाकरे मावि जौरी में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे।

# नवजात शिशु की मौत को लेकर गर्ग नर्सिंग होम में हंगामा, प्रदर्शन

## परिजन बोले प्रसव के दौरान महिला चिकित्सक ने बरती लापरवाही

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** तीन दिन पहले जन्मे नवजात शिशु की इलाज के दौरान मौत होने को लेकर प्रसूता के परिजन ने शुक्रवार को शहर के जीवाजीगंज क्षेत्र स्थित गर्ग नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। परिजन द्वारा नर्सिंग होम की संचालिका डॉ. चंचल गर्ग पर प्रसव में लापरवाही बरते जाने की वजह से शिशु की मौत होने के आरोप लगाए जा रहे थे।





जानकारी के अनुसार सिहौनिया क्षेत्र के ग्राम बाबड़ीपुरा निवासी जितेन्द्र सिंह तोमर इंडियन आर्मी में जवान है। जितेन्द्र और उनका परिवार मुरैना शहर के बड़ोखर क्षेत्र में रह रहे है। विगत 31 मार्च को जितेन्द्र की गर्भवती पत्नी शिवानी तोमर (30) की जीवाजीगंज स्थित गर्ग नर्सिंग होम में 31 मार्च की सुबह 9.03 बजे सीजेरियन डिलेवरी हुई। शिवानी ने पुत्र को जन्म दिया।

नर्सिंग होम की चिकित्सक सहित स्टाफ ने शिशु के नॉर्मल होने की बात कही। चिकित्सक की सलाह पर शिशु को गाय का दूध पिलाया गया, दूध पिलाने के बाद कुछ देर बाद नवजात शिशु का शरीर नीला पड़ने लगा और हालत खराब हो गई। तब उसे जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। 2 अप्रैल को एसएससीयू वार्ड के चिकित्सकों ने शिशु की हालत गंभीर बताते हुए उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। ग्वालियर में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने परिजन को बताया कि नवजात शिशु के फेंफड़ों में इंफेक्शन था, दोनों लंग्स पूरी तरह से ब्लॉक थे, जिसकी वजह से उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। चिकित्सकों ने परिजन से कहा कि प्रसव के पूर्व ही अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट में महिला चिकित्सक को इस बात का पता चल गया होगा। ग्वालियर में चिकित्सकों से यह बात सुनने के बाद परिजन शुक्रवार को मुरैना पहुंचें और उन्होंने जीवाजीगंज स्थित गर्ग नर्सिंग होम पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजन का हंगामा करीब एक घंटे तक चला, मौके पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई थी। करीब दो घंटे बाद नर्सिंग होम संचालक और पुलिस अधिकारियों की समझाईश पर परिजन का गुस्सा शांत हुआ। जिसके बाद हंगामा खत्म हुआ।

### एक नजर में

## कांग्रेस नेता प्रबल प्रताप मावई की इंस्टाग्राम आईडी हैक

**नवभारत न्यूज**



**पुलिस से की त्वरित कार्रवाई कर आईडी बंद कराने की मांग**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका परिषद मुरैना के पूर्व उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह मावई रिंकू की इंस्टाग्राम आईडी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक किए जाने का मामला सामने आया है। श्री मावई ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई और इंस्टाग्राम आईडी को तत्काल बंद कराए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में कांग्रेस नेता प्रबल प्रताप सिंह मावई ने बताया कि वे विगत करीब 6 साल से सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर प्रबलप्रतापसिंह मावई के नाम से आईडी को यूज कर रहे थे। 3 अप्रैल को जब श्री मावई ने अपने मोबाइल फोन में इंस्टाग्राम आईडी को लॉगिन करने का प्रयास किया लेकिन आईडी लॉगिन नहीं हुई। तब उन्हें आईडी हैक होने का अहसास हुआ। श्री मावई ने आवेदन में लिखा है कि वे राजनैतिक क्षेत्र में कार्यरत है, ऐसे में उनकी हैक की गई आईडी का उपयोग कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने पुलिस से त्वरित कार्रवाई कर इंस्टाग्राम आईडी को बंद कराए जाने की मांग की है।

## जानकारी न देने पर पंचायत सचिव पर 750 रु. अर्थदंड

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** मप्र लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर तीन आवेदन समय-सीमा में बाह्य होने पर 250 रूपए के मान से जनपद पंचायत पोरसा की ग्राम पंचायत हिंगावली के पंचायत सचिव सुरेन्द्र शर्मा पर 750 रूपए का अर्थदंड कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा लगाया गया है। लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत पोर्टल पर प्राप्त आवेदन का समय-सीमा में निराकरण न करने पर प्रतिदिन के मान से 250 रूपए की शास्ति अधिरोपित करने का प्रावधान है, जो अधिकतम 5 हजार रूपए हो सकेगी। यह राशि पंचायत सचिव सुरेन्द्र शर्मा के आगामी माह के वेतन से की जाकर शीर्ष में जमा कर चालान की प्रति लोकसेवा गारंटी कार्यालय में जमा करनी होगी।

## चना उपार्जन 30 मार्च से 28 मई तक

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई 2026 तक किया जाएगा।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 की चना एवं मसूर की उपार्जन नीति कंडिका के अनुसार उपार्जन केन्द्र मंडी और उपमंडी परिसर में खोला जाना है। जिला उपार्जन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार चना उपार्जन हेतु जिले में पंजीकृत कृषकों को सुविधानुसार उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए है। जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मृगपुरा का उपार्जन गोदाम स्तर पर किया जाएगा। विपणन सहकारी समिति अंबाह का उपार्जन मंडी स्तर अंबाह में किया जाएगा। चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपए निर्धारित किया गया है। समस्त उपार्जन केन्द्रों पर कृषकों से सोमवार से शुक्रवार तक (5 दिवस) होगा। शनिवार व रविवार को भंडारण एवं लेखा संबंधी कार्य किया जाएगा।

# ननि में स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियां शुरू, सौंपे दायित्व

## स्वास्थ्य अधिकारी सहित दर्जनभर कर्मचारी प्रतिदिन करेंगे मॉनीटरिंग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को शुरू करने के निर्देश देते हुए नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने अधिकारी, कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा है कि सफाई कार्य की प्रतिदिन सुबह 6 बजे से नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाए। इसके लिए उनके द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए है। आयुक्त श्री धाकरे ने कहा है कि शहर में जिस स्थान और वार्ड में गंदगी पाई जाएगी, वहां संबंधित सफाई दरोगा एवं सफाई मित्र के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



**शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर देखीं सफाई व्यवस्था**

ननि आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे सहित ननि अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने सफाई कार्य को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण करने वाली टीम में डिप्टी कमिश्नर लालसिंह डोडिया, स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टैगोर, उपयंत्री दीपक, सहायक यंत्री ऋषिकेश शर्मा, भानु तोमर, पंकज बरिया, कैलाश बाथम शामिल थे। लैंडफिल साइट के निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री धाकरे ने कहा कि कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए।

## शहर कांग्रेस कमेटी की 31 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

**मुरैना, 3 अप्रैल।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित कार्यकारिणी में कुल 31 कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। कुलदीप यादव को संगठन महासचिव और हकीम कुरेशी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में हरीराम पचौरिया, विशन सिंह तोमर, दिनेश गोयल, अजीत सिकरवार, रामस्वरूप कामर, सरफुद्दीन खान को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अशोक तोमर, राधेश्याम डण्डौतिया, बृजेश सिकरवार, संतोष तिवारी, अरुण प्रताप सिंह कुशवाह, सुनील कुमार जैन, राघवेन्द्र यादव, अभिषेक पलिया, सुशील कुशवाह, अमर सिंह मौर्य को महासचिव, रघुवीर शर्मा, बृजेश पिरोजी, अनुराग सिंह परिहार, श्रीमती रीना गिर्राज खरे, गजेन्द्र बाजौरिया, राहुल यादव, उपेन्द्र सिंह, मोहर सिंह जाटव, सौरभ गिर्राज सिकरवार, गौरव कारखुर को सचिव के दायित्व सौंपे गए है। पवन शुक्ला को मीडिया प्रभारी एवं हरीश पाठक को शहर कांग्रेस का प्रवक्ता बनाया गया है।




# स्वयं के अंदर झांकने की प्रक्रिया का नाम है अल्प विराम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** मप्र राज्य आनंद संस्थान द्वारा द्वारा जन अभियान परिषद के समन्वय से एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलारस में सम्पन्न हुई।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सतीश सिंह तोमर ने अल्पविराम सत्र के विभिन्न सोपानों का संदेश ग्रहण कर आनंदित रहने पर बल दिया।

जिला सम्पर्क व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने आनंद संस्थान के परिचय से अवगत कराया। मणीन्द्र कौशिक ने अल्पविराम सत्र की अवधारणा के बारे में बताया और सत्र का संचालन किया। कृष्णवीर सिंह तोमर ने आनंद के आयामों पर प्रकाश डाला। डॉ. क्षमा कौशिक ने जीवन का लेखा-जोखा के माध्यम से सहयोग, कृतज्ञता, क्षमा आदि मानवीय मूल्यों के समावेश से जीवन में आनंद के अनुभव विषय से प्रतिभागियों का साक्षात्कार कराया। कार्यशाला की व्यवस्था में रामनरेश धाकड़, कैलारस जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अल्केश भदौरिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला के सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

## गीतकार गंधर्व चाचा का जन्मशती समारोह कल



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 अप्रैल।** विश्व साहित्य सेवा संस्थान एवं मप्र लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार गंधर्व सिंह तोमर चाचा जन्मशती समारोह कल 5 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे गाँधी मैरिज होम के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं विश्व साहित्य सेवा संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गीतकार डॉ. देवेंद्र तोमर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि गंधर्व सिंह तोमर चाचा जन्मशती समारोह आयोजन के अंतर्गत व्याख्यान, पुस्तक विमोचन, विराट कवि सम्मेलन तथा साहित्यकार सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न किये जाना है। इस अवसर पर साहित्यकारों को गीत गंधर्व सम्मान से विभूषित किया जाएगा। डॉ. देवेंद्र तोमर ने शहर के समस्त साहित्य प्रेमियों से आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

**इन साहित्यकारों को किया जाएगा सम्मानित**

प्रदीप पुष्पेंद्र, रामअवतार सिंह सरस, अनिल, श्रीमती सरिता चौहान, जगमोहन श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि राठौड़ आदि साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा।



## स्टेशन रोड-सदर बाजार से हटाए अतिक्रमण, ठोका जुर्माना

**मुरैना, 3 अप्रैल।** डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी, तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार के नेतृत्व में नगर निगम और राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शहर की स्टेशन रोड और सदर बजार में अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान हिदायतों के बाद भी अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नगर निगम की टीम ने जुर्माने की कार्रवाई की।

**डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में राजस्व, नगर निगम अमले की कार्रवाई**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुक्रवार की दोपहर स्टेशन रोड पर मालगोदाम से शुरू हुई। टीम ने स्टेशन रोड पर दोनों ओर दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे गए सामान को जब्त किया और अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों को हटाया। मालगोदाम से शुरू हुआ अभियान महादेव नाका, शंकर बाजार से होकर सदर बाजार तक चला। कार्रवाई के दौरान टीम ने सदर बाजार क्षेत्र में लगने वाले हाथठेलों को भी हटाया। हाथठेला चालकों को रुई की मंडी स्थित हॉकर्स जोन में अपने ठेले लगाने के लिए निर्देश दिए गए। कार्रवाई में राजस्व विभाग के कर्मचारी, नगर निगम का मदाखलत दस्ता शामिल था।

# केंद्र-राज्य समन्वय पर पटवारी ने उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता**



**भोपाल, 01 अप्रैल.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रबी विपणन सीजन के दौरान प्रदेश में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखते हुए किसानों की परेशानी को प्रमुखता से उठाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर कुप्रबंधन और आपसी टकराव के कारण लाखों किसान कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि सरकार ने खरीदी के बड़े-बड़े लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। मंडियों में बारदाने (गन्नी बैग) की भारी कमी है, जिससे किसानों को अपनी उपज के साथ खुले में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने केंद्रीय कृषि नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से जुड़ाव होने के बावजूद ऐसी स्थिति चिंताजनक है।

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की कमी के चलते संकट और गहरा गया है। सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 2,700 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी का वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने इस स्थिति को 'शर्मनाक' बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बारदाने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गईं, तो वे भोपाल में शिवराज सिंह चौहान के निवास के बाहर अनशन करेंगे।

# हनुमान जयंती पर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**सबलगढ़, 3 अप्रैल।** नगर में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर कई जगह कार्यक्रम रखे गए कई मंदिरों पर छप्पन भोग ओर अन्नकूट प्रसाद वितरण किया गया जावरोल ग्राम में खार वाले हनुमान जी मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें फूल बंगला छप्पन भोग ओर प्रसाद वितरण किया गया बाहर से पधारे भजन गायकों द्वारा जब भजनों की प्रस्तुति की गई तो तो सारा पंडाल झूम उठा भजन गायक अनिल रावत ओर काजल हाथरसी द्वारा भजनों को देर रात तक प्रस्तुति दी गई वही प्रसिद्ध हास्य कलाकार बाबू गप्पी द्वारा जनता का भरपूर मनोरंजन किया गया कार्यक्रम के आयोजक जावरोल ग्राम पंचायत के सरपंच सौरभ रावत द्वारा जनप्रतिनिधियों ओर अधिकारियों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य





अतिथि पूर्व मंत्री रामनिवास रावत क्षेत्रीय विधायक सरला बृजेंद्र रावत आई पी एस राज कृष्णा (एस डी ओ पी) एसडीएम मेघा तिवारी का शॉल श्री फल से सम्मान किया गया कार्यक्रम में करीब बीस हजार के करीब श्रद्धालुओं ने भजन संध्या में भाग लिया

हनुमान जन्मोत्सव पर रामपुर घाटी पर हनुमान पार्वती मंदिर पर स्वर्णकार समाज द्वारा अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया वही मजरा वाले हनुमान जी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाल मेला लगाया गया कलंगी वाले हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग ओर फूल बंगला सजाया गया राम मंदिर पर भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया। सिनेमा टॉकीज गली में राम जानकी मंदिर पर भी हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर उनका जन्मोत्सव मनाया गया।

## ऐंती में शनि मंदिर पर 16 मई को लगेगा मेला

**मुरैना, 3 अप्रैल।** शनिश्चरी अमावस्या तथा शनिदेव जी का जन्मोत्सव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। ये अधिकारी 15 व 16 मई के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं को मूर्तरूप प्रदान करेंगे। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनु. अधिकारी (राजस्व), कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मप्र राज्य सड़क विकास, विद्युत मंडल, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, नगर पालिका एवं तहसीलदार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे।

# भटके मासूम को परिजनों से मिलाया

## डायल-112 टीम ने की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई

**विशेष संवाददाता**



**भोपाल, 01 अप्रैल.** मध्य प्रदेश पुलिस की डायल-112 टीम ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए शहडोल जिले में खेलते-खेलते रास्ता भटक गए तीन वर्षीय मासूम को सुरक्षित उसके परिजनों से मिला दिया.

यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के इतवारी मोहल्ला की है, जहां बच्चा अकेला मिला था. 1 अप्रैल को राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम, भोपाल को बच्चे के भटकने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना मिलते ही तत्काल एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) को मौके पर रवाना किया गया.

प्रधान आरक्षक बैजनाथ सिंह और पायलट अनुराग द्विवेदी मौके पर पहुंचे और बच्चे को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के क्षेत्र में उसके परिजनों की तलाश शुरू की. लगातार प्रयास और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद बच्चे के परिजनों का पता चल सका. पहचान और सत्यापन के बाद बच्चे को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया. अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया.